# विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति

प्रगति रिपोर्ट 2025-26

## परिचय :-

विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा संचालित एक ऐसा केंद्र है, जो विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास हेतु कार्यरत है। हमारा उद्देश्य है हर बच्चे को शिक्षा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के ऐसे अवसर देना जिससे वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। जहाँ दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निष्ठा, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया जाता है। वर्ष 2025-26 इस दिशा में संस्था के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध हुआ। हमने इस वर्ष संरचना, सेवाओं, संसाधनों और संकल्पों – चारों स्तरों पर एक नई ऊँचाई को छुआ है।



## विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26 :-

दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिक को जांच एव निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण : विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद 165 लाभार्थियों का चयन किया गया जिसमें 75 दिव्यांगजन और 90 वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। लाभार्थियों को 18 अधिक तरह के सहायक उपकरण वितरित किए गए। व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वॉकर, विशेष जूते और अन्य सहायक उपकरण पूर्णतः निःशुल्क वितरित किए गए।

दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को कानूनी अधिकार, योजनाओं, और सरकारी लाभों की जानकारी दी गई।



<u>विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26</u>



विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26



विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26










विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26










विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26

## विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स : व्यक्तिगत स्वच्छता, खाना बनाना, आत्म-रक्षा इत्यादि
कंप्यूटर साक्षरता : 15 छात्रों को डिजिटल शिक्षा की प्रारंभिक ट्रेनिंग
स्पीच थेरेपी : 50 से अधिक बच्चों ने नियमित सत्र लिए
फिजियोथेरेपी : 30 बच्चों को दैनिक सहायता
ऑक्यूपेशनल थेरेपी : 40 बच्चों को दैनिक व्यावसायिक कौशल का अभ्यास लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग : दैनिक जीवन के क्रियाकलाप जैसे स्वयं भोजन करना, पहनना, सफाई आदि पर विशेष प्रशिक्षण



<u>विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम - कंप्यूटर साक्षरता, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स 2025-26</u>

## भविष्य की योजनाएँ (2025-26) :-

वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का विस्तार (टेलरिंग, कंप्यूटर, कैटरिंग)
छात्रावास निर्माण योजना
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित लर्निंग टूल्स का समावेश
रोजगार मेले और प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन





# मुख्य उपलब्धियाँ (2025-26) :-

## 1. बुनियादी संरचनात्मक सुधार (Infrastructure Development):-

रैंप निर्माण: स्कूल के प्रत्येक ब्लॉक तक दिव्यांगजनों की सरल पहुँच के लिए सुदृढ़ रैंप बनाए गए हैं, जिससे व्हीलचेयर उपयोगकर्ता छात्रों को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

भवन का रिनोवेशन: स्कूल भवन का पूर्ण नवीनीकरण कराया गया, जिसमें कक्षा कक्षों की मरम्मत, रोशनी और वेंटिलेशन में सुधार, साउंडप्रूफिंग और नई पेंटिंग शामिल है।

नवीन शौचालय व्यवस्था: दिव्यांगों के अनुकूल अलग से शौचालय और सेनेटरी सुविधाएँ बनाई गईं।





**विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति –** रैंप निर्माण जिससे व्हीलचेयर उपयोगकर्ता छात्रों को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

**2. आसरा केंद्र के  कार्यक्रम:-**

आसरा केंद्र एक बहु–सेवा केंद्र के रूप में शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना है।

निःशुल्क उपकरण वितरण :  केंद्र के माध्यम से 100 से अधिक व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वॉकर, कैलिपर्स, ब्रेल किताबें, विशेष जूते और अन्य सहायक उपकरण पूर्णतः निःशुल्क वितरित किए गए।










योजनाओं द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का
उद्घाटन समारोह
सादर आमंत्रित है।


आसरा सेन्टर
एलिम्को सर्विस एण्ड रिपेरिंग सेन्टर, आसरा
दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु
पात्रता हेतु साथ में लाये जाने वाले प्रपत्रों (डॉक्यूमेन्ट) का विवरण
वरिष्ठ नागरिकों के लिये
आयु– 60 वर्ष या उससे अधिक
दिव्यांगजनों के लिये
UDID कार्ड–40% दिव्यांगता या उससे अधिक
आधार कार्ड
स्वयं द्वारा दिया गया इनकम सर्टिफिकेट प्रतिमाह 22,500/– या उससे कम
किये जाने वाले सहायक उपकरणों का विवरण

**3. शिक्षा और नामांकन में विस्तार:-**

निःशुल्क प्रवेश अभियान : वर्ष 2025-26 में 16 से अधिक नए बच्चों का बिना किसी शुल्क के दाखिला किया गया।

**कुल नामांकित छात्र संख्या – 135**

समेकित IEP (इंडिविजुअल एजुकेशन प्लान) का उपयोग कर प्रत्येक छात्र के लिए विशिष्ट लक्ष्यों पर कार्य किया गया।





**4. दिव्यांग बच्चों हेतु परिवहन सुविधा में सुधार : –**

दिव्यांगजनों के सुगम आवागमन परिवहन सुविधा विशेष रूप से डिज़ाइन की गई गाड़ियाँ, जिनमें हाइड्रोलिक व्हीलचेयर लिफ्ट्स लगी हैं।

इससे दूर–दराज़ के इलाकों से आने वाले बच्चों को अब सुरक्षा के साथ– साथ स्कूल पहुँचने की सुविधा मिल रही है।

## **5. मानव संसाधन सशक्तिकरण (Staff Development):-**

स्टाफ को Inclusive Education, ABA Therapy, Sensory Integration और Assistive Technology जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिलवाया गया।

शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर की दिव्यांग शिक्षा कार्यशाला में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किए। एक नया स्पेशल एजुकेटर और एक काउंसलर की नियुक्ति की गई।










## प्रशिक्षण और गतिविधियाँ :-

**सांस्कृतिक और सामाजिक विकास :-**

**21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (International Yoga Day)** उत्साह के साथ मनाया

बैसाखी पर्व, बुद्ध पूर्णिमा जैसे पर्वों का समावेशी उत्सव आयोजन
विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और प्रेरणादायक विज़िट्स (जैसे पुलिस स्टेशन, बैंक)






## खेल और योग :-

प्रतिदिन योग अभ्यास
जिला स्तरीय दिव्यांग स्पोर्ट्स मीट में 5 बच्चों ने पदक जीते
"क्ले मॉडलिंग", "बास्केटबॉल विद स्पेशल व्हीलचेयर" जैसी नई गतिविधियाँ शुरू
स्वास्थ्य और पोषण
हर तिमाही में हेल्थ चेकअप कैंप
दिव्यांग छात्रों के लिए डायट प्लान आधारित भोजन योजना
न्यूट्रिशनल सप्लिमेंट्स का वितरण
मेडिकल इमरजेंसी किट और ऑन–कॉल डॉक्टर सुविधा उपलब्ध

## सामाजिक सहभागिता और सहयोग :-

स्थानीय NGOs और कंपनियों के सहयोग से CSR प्रोजेक्ट्स
स्वयंसेवकों और अभिभावकों की भागीदारी

जिला प्रशासन से विशेष मान्यता एवं सहायता प्राप्त

## निष्कर्ष

2025-26 का यह वर्ष हमारे लिए केवल प्रगति नहीं, बल्कि संवेदना और सशक्तिकरण का वर्ष रहा। हर बच्चा अब बेहतर संसाधनों, प्रशिक्षित शिक्षकों, आधुनिक ढांचे और प्रेमपूर्ण वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। विजय स्पेशल स्कूल अपने मिशन – "हर दिव्यांग बच्चा सक्षम बने" की ओर दृढ़ता से अग्रसर है।

## संपर्क करें :-


### विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति

पता - महिंद्रा एनक्लेव जेड़ ब्लॉक, चिरंजीव विहार, सैक्टर–2, नियर साई मंदिर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश पिनकोड – 201002,

फ़ोन नंबर – 0120-4093629 ,
मोबाइल नंबर – 8447600423, 7303500618




विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26




<u>विजय एकेडमी ऑफ़ लर्निंग समिति द्वारा निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025-26</u>